# पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेंल- spsrn-up@nic.in

## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

***पत्र संख्या- औराई (07)/2025*** ***दिनांक- 17.05.2025***

**श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.05.2025 को **श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही** के पर्यवेक्षण में थाना औराई व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल चोरी व चोरी की मोटर साइकिल के नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर का प्रतिरूपण विक्री करने वाले **वाहन चोर संगठित गिरोह के 02 अपचारी सहित कुल-05 शातिर चोर** गिरफ्तार, कब्जे से जनपद वाराणसी के विभिन्न स्थानों से चोरी की **06 मोटरसाइकिल बरामद** किया गया।

**थाना औराई:** जनपद वाराणसी के विभिन्न स्थानों के भीड़भाड़ वाले जगह जैसे अस्पताल, कार्यालय, बाजार इत्यादि से चोरी की गई मोटरसाइकिल चोरी व चोरी की मोटर साइकिल के नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर का प्रतिरूपण कर मोटरसाइकिल बिक्री करने वाले गिरोह के **वाहन चोर संगठित गिरोह के 02 अपचारी सहित कुल-05 शातिर चोर** गिरफ्तार, कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की **06 मोटरसाइकिल बरामद।**

**पूर्व की घटनाओं का संक्षिप्त विवरण-:**

◆दिनांक-24.03.2025 को श्री सचिन कुमार निवासी पेवठा थाना जहांनागंज जनपद आजमगढ़ द्वारा थाना लंका अन्तर्गत बीएचयू लंका हीरो स्पेलण्डर मोटरसाइकिल चोरी होने के सम्बन्ध में थाना लंका पर सूचना दिया। दिए गए सूचना पर थाना लंका पर मु0अ0सं0-100/2025 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

◆दिनांक-28.03.2025 को श्री शिवशंकर यादव निवासी बढ़ौलीकला थाना राजातालाब वाराणसी द्वारा थाना लंका अन्तर्गत वालशल्य चिकित्सालय बीएचयू से हीरो स्प्लेन्डर प्लस ब्लैक कलर होने के सम्बन्ध में थाना लंका पर सूचना दिया। इस सम्बन्ध में थाना लंका सूचना पर मु0अ0सं0-107/2025 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

◆दिनांक-25.02.2025 को श्री मनोज निवासी बोदलपुर थाना नौगढ़ जनपद चन्दौली द्वारा थाना सिगरा अन्तर्गत स्वास्तिक सिटी सेन्टर से से हीरो स्प्लेन्डर चोरी होने के सम्बन्ध में थाना सिगरा पर सूचना दिया। इस सूचना पर थाना सिगरा में मु0अ0सं0-77/2025 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

◆दिनांक- 03.03.2025 को श्री मोहन प्रसाद निवासी भरछा जनपद चन्दौली द्वारा थाना भेलूपुर अन्तर्गत बैंक ऑफ इण्डिया सुन्दरपुर भेलू से हीरो स्प्लेन्डर चोरी होने के सम्बन्ध में थाना भेलू पर सूचना दिया। इस सूचना पर थाना भेलूपुर में मु0अ0सं0-80/2025 धारा 303(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया।

**अभियुक्तों की गिरफ्तारी का विवरण-**

**श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 17.05.2025 को **श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही** के पर्यवेक्षण व श्री नरेश कुमार क्षेत्राधिकारी औराई के नेतृत्व में थाना औराई व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर जनपद वाराणसी के विभन्न स्थानों के भीड़भाड़ वाले जगह जैसे अस्पताल, कार्यालय, बाजार इत्यादि से मोटरसाइकिल चोरी के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोगों से सम्बन्धित गिरोह के **02 अपचारी सहित कुल-05 अन्तर्जनपदीय शातिर चोर** को थाना औराई क्षेत्र अन्तर्गत पुरानी चीनी मील के खण्डरहर आवास से गिरफ्तार कर **06 मोटरसाइकिल बरामद** करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। अभियुक्तों के अन्य अपराधिक घटनाओं के बारे में जानकारी की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगों का वाहन चोरी का संगठित गिरोह है जो अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु अलग अलग स्थानों से भीड़भाड़ वाले जगह जैसे अस्पताल, कार्यालय, बाजार इत्यादि से मोटरसाइकिल चुराते है और चुराई हुई मोटर साइकिल को चिनी मिल के खण्डहर आवास में रखते है पुनः गोविन्द गुप्ता उर्फ भूरे पुत्र बेनी गुप्ता निवासी कछवा बाजार सिनेमा हाल के पास थाना कछवा जिला मिर्जापुर का रहने वाला है जिसकी कबाड़ की दुकान है उसे बेच देते है। जिसे मोटरासाइकिलों को कटवाकर या प्रतिरूपण कर बेच देता है।

**अपराध का तरीका-**

पेशेवर तरीके से संगठित होकर अपने आर्थिक भौतिक लाभ हेतु भीड़भाड़ वाले जगह अस्पताल, कार्यालय, बाजार इत्यादि जैसे से स्थानों से मोटर साइकिल चोरी करते है। चोरी की मोटर साइकिल के नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर का प्रतिरूपण कर मोटरसाइकिलों को बेच देते है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

1.सूरज सरोज पुत्र महेन्द्र सरोज निवासी कटका गोदाम थाना कछवा जनपद मिर्जापुर उम्र करीब 20 वर्ष

2. शनि सरोज पुत्र पिन्टू सरोज निवासी कटका गोदाम थाना कछवा जनपद मिर्जापुर उम्र करीब 18 वर्ष

3. दिनेश कुमार वर्मा पुत्र कैलाश नाथ वर्मा निवासी मझवां जनपद मिर्जापुर उम्र करीब 27 वर्ष

4. अपचारी उम्र करीब 16 वर्ष

5. अपचारी उम्र करीब 17 वर्ष

**वांछित अभियुक्त का विवरण-**

*1.* गोविन्द गुप्ता उर्फ भूरे पुत्र बेनी गुप्ता निवासी कछवा बाजार सिनेमा हाल के पास थाना कछवा जिला मिर्जापुर

**बरामदगी का विवरण-**

**विभिन्न स्थानों से चोरी की 06 मोटरसाइकिल बरामद** 1.सुपर स्पेलेन्डर लाल व काला रंग चेसिस नम्बर खुरचकर मिटाया हुआ 2.हीरो स्प्लेन्डर प्लस ब्लैक कलर फर्जी नम्बर प्लेट 3.हीरो स्प्लेन्डर प्लस ब्लैक कलर फर्जी नम्बर प्लेट 4.हीरो स्प्लेन्डर प्लस ब्लैक कलर 5. हीरो स्प्लेन्डर प्लस ब्लैक कलर 6. हीरो स्प्लेन्डर प्लस ब्लैक कलर

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 220/2025 धारा-317(2),317(4)/317(5),319(2),318(4),338/336(3) व 340(2)बीएनएस

**अनावरण अभियोगों का विवरण-**

1.मु0अ0स0-100/25- धारा 303(2) बीएनएस थाना लंका जनपद वाराणसी

2.मु0अ0स0-107/25- धारा 303(2) बीएनएस थाना लंका जनपद वाराणसी

3.मु0अ0स0-77/25- धारा 303(2) बीएनएस थाना सिगरा जनपद वाराणसी

4.मु0अ0स0-80/25- धारा 303(2) बीएनएस थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

**टीम-I-** प्र0नि0 रामसरीख गौतम ,उ0नि0 सुनिल कुमार मिश्रा ,उ0नि0 राजेन्द्र कुमार पाण्डेय ,उ0नि0 वीरेन्द्र नाथ यादव, आ0 कैलाश प्रजापति,आ0 भूपेन्द्र राय,आ0 विनित सिंह,आ0 अरुण कुमार, आ0 शुभम पाण्डेय, मु0आ0 चा0 इकलाख खां थाना औराई जनपद भदोही

**टीम(I I)-** 1. नि0 श्याम बहादुर यादव,मु0आ0 धीरेंद्र श्रीवास्तव ,मु0आ0 हरिकेश यादव ,मु0आ0 बृजेश सिंह सूर्यवंशी ,मु0आ0 नागेंद्र यादव ,आ0 हिमांशु सिंह,आ0 प्रवेश कुमार ,आ0 सुनिल कनौजिया ,आ0 अहम सिंह,आ0 सेराफुल हसन ,आ0 प्रत्यूष पाठक

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 10 हजार रु0 से पुरस्कृत किया जाएगा ।**

